

# 2047 तक 1 करोड़ उद्योगों का लक्ष्य

## ‘समृद्ध एमएसएमई-विकसित मध्यप्रदेश’ कार्यक्रम में सीएम डॉ. यादव ने दी बड़ी सौगात

- **एमएसएमई से रोजगार क्रांति की तैयारी**
- **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग अर्थव्यवस्था का आधार**

**भोपाल, 14 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को औद्योगिक और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है. उन्होंने वर्ष 2047 तक प्रदेश में 1 करोड़ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) स्थापित करने का लक्ष्य घोषित करते हुए कहा कि हर जिले में उद्योग, हर परिवार को रोजगार और हर युवा को अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है.**

कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित ‘समृद्ध एमएसएमई-विकसित मध्यप्रदेश’ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से 900 एमएसएमई इकाइयों को 360 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि वितरित की. इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत उद्यमियों को ऋण, भूमि आवंटन और स्टार्टअप प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई.

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का एमएसएमई क्षेत्र तेजी से मजबूत हुआ है और मध्यप्रदेश भी इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है.

> कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि मध्यप्रदेश में 7,400 से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 50 प्रतिशत का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं. राज्य सरकार युवाओं को उद्यमिता के लिए ऋण, प्रशिक्षण और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है. एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप और प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने भी प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश प्रोत्साहन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्योगपति, स्टार्टअप संस्थापक, बैंकिंग संस्थानों के प्रतिनिधि और लाभार्थी उपस्थित रहे.

प्रदेश में वर्तमान में 24 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं, जिनसे सवा करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है. इनमें 4.41 लाख से अधिक इकाइयों का संचालन महिलाएं कर रही हैं.

डॉ. यादव ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को 60 प्रतिशत तक प्रोत्साहन और महिला, अनुसूचित जाति एवं जनजाति उद्यमियों को अतिरिक्त सहायता दी जा रही है. उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में 60 नए औद्योगिक क्षेत्र और क्लस्टर विकसित किए जाएंगे तथा 6 हजार से अधिक नए भूखंड उद्यमियों को उपलब्ध कराए जाएंगे.

# बाघ के हमले से दो महिलाओं की मृत्यु

**सिवनी, 14 जून. मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में रविवार को बाघ के हमलों की दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं की मृत्यु हो गई. एक घटना कुरई वन परिक्षेत्र के गोरखपुर क्षेत्र में हुई, जबकि दूसरी बरघाट क्षेत्र के ग्राम मऊ में सामने आई. दोनों घटनाओं के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और पीड़ित परिवारों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की जा रही है.**

दक्षिण सामान्य वन मंडल सिवनी के वन मंडलाधिकारी गौरव मिश्रा ने बताया कि कुरई वन परिक्षेत्र के ग्राम गोरखपुर अंतर्गत बीट क्रमांक 258 की निवासी शांति बाई कुमरे जंगल में वन उपज संग्रह के लिए गई थीं. इसी दौरान बाघ ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई. वन विभाग के अनुसार नियमानुसार मृतका के परिजनों को आठ लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की जाएगी. साथ ही क्षेत्र में बाघ की गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए कैमरे लगाए जा रहे हैं. दूसरी घटना वन विकास निगम की बरघाट परियोजना क्षेत्र के ग्राम मऊ (बीजादेवरी) में हुई. संभागीय प्रबंधक रामकिशन सोलंकी के अनुसार शिववंती बाई मर्सकोले (45) अपने खेत में कृषि कार्य करने गई थीं. इसी दौरान बाघ ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही

### वन विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त

घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और वन विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा तथा सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग करने लगे. देर शाम तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था. लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद ग्रामीणों ने कहा कि जिले में बाघों की बढ़ती गतिविधियों और हमलों से भय का वातावरण बन गया है. उन्होंने वन विभाग से प्रभावित क्षेत्रों में गश्त और निगरानी बढ़ाने, सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने तथा प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग की है. स्थिति को देखते हुए दोनों घटना स्थलों पर वन विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग का अमला तैनात रहा तथा अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने और स्थिति सामान्य बनाए रखने का प्रयास किया.

## क्रिकेट खेलकर लौट रहे किशोर को चाकू से गोदा

**जबलपुर.** रांझी थाना अंतर्गत गंगा मैया में क्रिकेट खेलकर घर लौट रहे किशोर पर पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिग लड़कों ने चाकू से हमला कर दिया. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है. थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि गंगा मैया निवासी जानसन पिल्ले अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया था. खेल खत्म होने के बाद वह पैदल ही अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान रास्ते में उसे पड़ोस के रहने वाले दो नाबालिग लड़के मिल गए. किसी पुरानी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों नाबालिग लड़के तैश में आ गए.

## यात्री बस ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी, 6 घायल

**श्योपुर.** एक तेज रफ्तार स्लीपर बस ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी. घटना विजयपुर थाना क्षेत्र के गांधी चौक पर हुई, जिसमें ई-रिक्शा में सवार सभी लोग घायल हो गए. टक्कर के बाद बस चालक वाहन रोकने के बजाय मौके से फरार हो गया. टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. ई-रिक्शा में बैठी सवारियां सड़क पर गिरकर घायल हो गईं. घटना स्थल पर तुरंत भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल पहुंचाया. कुछ लोगों ने फरार बस का पीछा करने का प्रयास भी किया, लेकिन चालक बस लेकर भागने में सफल रहा. घटना की सूचना मिलते ही विजयपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची.

# तकनीक के दम पर आरपीएफ को मिली सफलता

- **आईसीजेएस सिस्टम से तीन गैर-जमानती वारंट तामील**
- **हुलिया और नाम बदलकर छिपे आरोपी भी गिरफ्तार**

**भोपाल, 14 जून. पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने आधुनिक डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग से गैर-जमानती वारंटों के निष्पादन में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की मदद से आरपीएफ ने ऐसे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो हुलिया, पता और यहां तक कि नाम बदलकर कानून की पकड़ से बचने की कोशिश कर रहे थे.**



वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के मार्गदर्शन तथा निरीक्षक मनीष कुमार और उप निरीक्षक प्रकाश रघुवंशी के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट भोपाल ने तीन महत्वपूर्ण मामलों में कार्रवाई की. अपराध क्र. 26/2015 में वांछित आरोपी पप्पू उर्फ मुन्ना ने अपना हुलिया बदल लिया था, लेकिन आईसीजेएस से प्राप्त नवीनतम फोटो और रिकॉर्ड के आधार पर उसे 21 अप्रैल 2026 को सुखी सेवनिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया. इसी तरह अपराध क्र. 05/2022 में आरोपी आबिद अली का पुराना पता बदल चुका था. आईसीजेएस से मिले अद्यतन पते और स्थानीय पुलिस के सहयोग से उसे 2 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया गया.

> आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि आईसीजेएस गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (हृष्टक्रक्च) की महत्वपूर्ण पहल है, जो पुलिस, न्यायालय, जेल और अभियोजन से जुड़े रिकॉर्ड को एकीकृत मंच पर उपलब्ध कराती है. इससे आरोपियों की पहचान, अद्यतन पता, आपराधिक इतिहास और अन्य आवश्यक जानकारी तुरंत प्राप्त हो जाती है. वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक ने कहा कि आईसीजेएस आधुनिक पुलिसिंग में ‘फोर्स मल्टीप्लायर’ की भूमिका निभा रहा है. इससे वारंट निष्पादन अधिक सटीक, तेज और पारदर्शी हुआ है.



# प्री-मानसूनी गतिविधियों से बदला मौसम

**18 जून तक प्रदेश में मानसून की दस्तक संभव**

**70 किमी प्रति घंटे से अधिक रफ्तार से हवाएं चलीं**

**भोपाल, 14 जून. मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की आधिकारिक एंट्री भले अभी नहीं हुई हो, लेकिन प्री-मानसूनी गतिविधियां पूरे प्रदेश में सक्रिय हो चुकी हैं. राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में बारिश, तेज आंधी और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि का दौर जारी है.**

मौसम विभाग के अनुसार मानसून सामान्य समय से तीन से चार दिन पीछे चल रहा है और 18 जून तक प्रदेश में प्रवेश कर सकता है.

भोपाल में रविवार शाम से रुक-रुककर बारिश हो रही है. प्रदेश के अनेक हिस्सों में हुई वर्षा से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है, हालांकि बारिश के बाद उमस का असर अभी भी बना हुआ है. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक ट्रफ लाइन और अन्य मौसमी तंत्र सक्रिय होने के कारण प्रदेशभर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है. कई जिलों में 70 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक रफ्तार से हवाएं चलीं, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ. कई स्थानों पर पेड़ गिरने, बिजली आपूर्ति बाधित होने और यातायात प्रभावित होने की घटनाएं सामने आई हैं.

> मौसम विभाग ने शिवपुरी और अशोकनगर जिलों के लिए तेज आंधी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. वहीं ग्वालियर, गुना, दतिया, मुरैना, भिंड, श्योपुर, नीमच, मंदसौर, राजगढ़, विदिशा, सागर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, जबलपुर, कटनी, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है

## अवैध खनिज परिवहन करने वाले 60 से ज्यादा वाहन जब्त

**भिण्ड.** सुप्रीम कोर्ट के कड़े निर्देश के बाद भिंड जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आया है. कलेक्टर केएल मीना और एसपी सूरज कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में बड़ा अभियान चलाकर अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. 60 से ज्यादा वाहन जब्त किए गए हैं. संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 5 दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपरों को दबोचा. भिंड में अवैध रेत और खनिज परिवहन के इतिहास में इसे अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है. जिला परिवहन अधिकारी ने मैदान में उतरकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसा है.

# ब्लैक कोबरा का गोदाम से सुरक्षित रेस्क्यू

नवभारत न्यूज

**सीधी 14 जून, शहर के नए बस स्टैंड के पास स्थित एक गोदाम में 10 दिनों से डेरा जमाया ब्लैक कोबरा दहशत का पर्याय बना हुआ था।**

आज सुबह सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तीन फिट लंबे ब्लैक कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया। बताया गया कि अंकित सिंह परिहार के गोदाम में पिछले 10 दिनों से लगभग 3 फीट लंबा एक ब्लैक कोबरा सांप कर्मचारियों के लिए दहशत का कारण बना हुआ था। जहरीले सांप की मौजूदगी के कारण गोदाम में कामकाज भी प्रभावित हो रहा था। जानकारी के अनुसार गोदाम में कई दिनों से ब्लैक कोबरा लगातार दिखाई दे रहा था। कर्मचारी जैसे ही काम करने पहुंचते,



सांप कभी बाहर निकलकर फुफकार मारता तो कभी गोदाम के भीतर छिप जाता। सांप के भय से कर्मचारियों ने कई बार काम बंद कर दिया था और हर समय किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गोदाम संचालक अंकित सिंह परिहार ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू प्रभारी वनपाल पंकज मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। काफी सावधानी और सतर्कता बरतते हुए सुबह करीब 10 बजे ब्लैक कोबरा का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। इसके बाद उसे सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू प्रभारी वनपाल पंकज मिश्रा ने बताया कि ब्लैक कोबरा अत्यंत विषैला और खतरनाक सांप होता है। यह सामान्यत- जंगलों में निवास करता है, लेकिन भोजन की तलाश या ठंडी एवं सुरक्षित जगह की खोज में कभी-कभी आबादी वाले क्षेत्रों और घरों में भी पहुंच जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं सांप दिखाई दे तो घबराएं नहीं और न ही उसे मारने का प्रयास करें। तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दें, ताकि प्रशिक्षित टीम सुरक्षित तरीके से उसका रेस्क्यू कर सके।



**महेन्द्र सिंह ने माँ तुलजा भवानी एवं माँ चामुंडा माता के दर्शन किए**

**देवास.** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने रविवार को देवास जिले में माँ तुलजा भवानी एवं माँ चामुंडा माता के दर्शन-पूजन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास, विकास और जनकल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान के तहत पौधरोपण किया एवं देवास जिले के टेलीटुताई स्थित 200 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का अवलोकन किया. इस अवसर पर सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, विधायक मनोज चौधरी, जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# बरमान में चार दिनों में डूबने की तीसरी घटना

**नरसिंहपुर, 14 जून. जिले में नर्मदा नदी के बरमान स्थित भीमकुंड क्षेत्र में नहाने के दौरान दो युवक डूब गए. दोनों की तलाश के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है. बरमान क्षेत्र में पिछले चार दिनों के दौरान डूबने की यह तीसरी घटना है, जिससे क्षेत्र में चिंता का माहौल है.**

पुलिस के अनुसार आगरा निवासी आजाद सिंह (24) तथा राजस्थान निवासी छोटू गोस्वामी (30) करेली क्षेत्र में रेलवे विद्युतीकरण कार्य से जुड़े हुए थे. रविवार को वे अपने करीब एक दर्जन साथियों के साथ नर्मदा नदी के सतधारा घाट पहुंचे थे. नहाने के दौरान दोनों युवक भीमकुंड के गहरे हिस्से में चले गए और पानी

### भीमकुंड में दो युवक लापता



में डूब गए. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों का दल मौके पर पहुंच गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया. अधिकारियों के अनुसार भीमकुंड क्षेत्र में गहरी दरारें तथा चट्टानी संरचनाएं होने के कारण खोज अभियान चुनौतीपूर्ण बना हुआ है.

> **पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है**
>
> प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार बरमान क्षेत्र में पिछले चार दिनों में डूबने की तीन अलग-अलग घटनाओं में अब तक चार लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि दो युवकों की तलाश जारी है. लगातार हो रही घटनाओं ने नदी के गहरे क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है. प्रशासन ने लोगों से नर्मदा नदी के गहरे और जोखिम वाले हिस्सों में जाने से बचने तथा सावधानी बरतने की अपील की है.

# विशिष्ट प्रशिक्षण केंद्रों के रूप में विकसित करने पर बल दें : साईराम

- एनसीएल में 20वीं कंपनी स्तरीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 14 जून। एनसीएल मुख्यालय में आज रविवार को 20वीं कंपनी स्तरीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीएमडी, एनसीएल बी साईराम ने की।**

अपने उद्बोधन में श्री साईराम ने बैठक में हुई चर्चा को रचनात्मक बताया। उन्होंने संविदा कर्मियों सहित सभी कर्मचारियों के प्रशिक्षण को सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपरिहार्य बताया तथा परियोजनाओं में स्थित व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों वीटीसी को मॉडल एवं विशिष्ट प्रशिक्षण केंद्रों के रूप में विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने एनसीएल की नवाचारी ई-प्रशिक्षण पहल वीटीसी पोर्टल की सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से सभी संविदा



कर्मियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने का आह्वान किया तथा कल्याण सुविधाओं में सतत सुधार के निर्देश दिए। वर्तमान युद्धजनित वैश्विक परिस्थितियों के आलोक में उन्होंने खदान परिचालन में भी ई-वाहनों के उपयोग को समय की आवश्यकता बताया। साथ ही उन्होंने कहा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी राष्ट्र की ऊर्जा आकांक्षाओं को सुनिश्चित करते रहना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक मनीष कुमार एवं निदेशक आशुतोष द्विवेदी भी मौजूद रहे। बैठक में संयुक्त सलाहकार समिति सीएमओएआई तथा कंपनी सुरक्षा बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर निदेशक मनीष कुमार ने बैठक में प्राप्त सुझावों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि एनसीएल सुझावों को सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण से ग्रहण करती है। उन्होंने भर्ती प्रक्रियाओं में अपनाई जा रही पारदर्शिता का जिक्र किया। वहीं निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर हुई विस्तृत एवं गहन चर्चा से अनेक बहुमूल्य सुझाव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि खदानों में सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति का विकास ही इस परिचर्चा का सबसे सार्थक निष्कर्ष है। उन्होंने सभी को सुरक्षा के प्रति अति-आत्मविश्वास से बचने की सलाह देते हुए कहा कि खदान परिचालन एक विशेष कार्य है जिसके लिए विशेष सतर्कता और जिम्मेदारी आवश्यक है।

**निर्देश** प्रदेश में 15 से 31 जुलाई तक चलेगा

# ‘नशे से दूरी है जरूरी 2.0’ अभियान : डीजीपी

**भोपाल, 14 जून. मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने अगले तीन वर्षों में ‘‘ड्रग फ्री मध्यप्रदेश’’ का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में 15 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक प्रदेश के सभी जिलों में ‘‘नशे से दूरी है जरूरी 2.0’’ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं.**



पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित जोनल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक तथा विशेष सशस्त्र बल जोनों की दो दिवसीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक के समापन अवसर पर श्री मकवाणा ने अपराध नियंत्रण, प्रशासनिक व्यवस्थाओं, न्यायालयीन प्रकरणों और पुलिस आधुनिकीकरण से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मध्यप्रदेश नक्सल समस्या से मुक्त हुआ है, उसी प्रकार अगले तीन वर्षों में प्रदेश को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है. इसके तहत शैक्षणिक संस्थानों के 500 मीटर के दायरे को चरणबद्ध तरीके से ‘‘ड्रग फ्री जोन’’ बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं. मकवाणा ने लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की नियमित समीक्षा, उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों में लंबित मामलों की ऑनलाइन निगरानी तथा समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. उन्होंने विभाग में ई-ऑफिस प्रणाली के शत-प्रतिशत उपयोग और स्थानांतरित अधिकारियों-कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्यमुक्त करने पर भी बल दिया.

> बैठक में प्रदेशभर में स्थापित सीसीटीवी नेटवर्क की स्थिति की समीक्षा करते हुए डीजीपी ने सभी कैमरों को चालू और कार्यशील रखने के निर्देश दिए. उन्होंने नवगठित जिलों मैहर, मऊगंज और पांढुर्णा में भी सीसीटीवी नेटवर्क के विस्तार पर जोर दिया. सेफगार्ड योजना के अंतर्गत कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित लगभग एक लाख कैमरों का नेटवर्क विकसित करने की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई.

# 4 लाख रुपए के साथ दो चेन स्नैचर पकड़ाए

**इंदौर, 14 जून. द्वारकापुरी थाना पुलिस ने चेन स्नैचिंग करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों, एक नाबालिग और चोरी का माल खरीदने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 4 लाख रुपये का माल बरामद किया है.**

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने शहर में कई झपटमारी की वारदातों को अंजाम दिया था. गिरोह वारदात के लिए चोरी की स्कूटी का इस्तेमाल करता था. मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों तक पहुंची. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिराज उर्फ अनुराग निवासी भागीरथपुरा, अभिषेक निवासी लाल बाउंड्री और एक नाबालिग के रूप में हुई है. वहीं चोरी का पैंडल खरीदने वाले शुभम रैकवार निवासी नंदानगर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों से करीब 2.50 लाख रुपये कीमत की सोने की चेन, 50 हजार रुपये का पैंडल और 1 लाख कीमत की स्कूटी जब्त की है.

## सर्राफा में डकैती की साजिश नाकाम, अंतरराज्यीय पारदी गैंग गिरफ्तार

**रतलाम.** शहर के व्यस्ततम सर्राफा बाजार में बड़ी डकैती की साजिश को स्टेशन रोड पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया. पुलिस ने एक अंतरराज्यीय पारदी गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घातक हथियार, हाईड्रोलिक कटर और नकबजनी में उपयोग होने वाले औजार बरामद किए हैं.

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति रीवा जिला रीवा (म.प्र)**

क्रमांक/मण्डी/कैन्टीन/2026-27/291 रीवा, दिनांक 02/06/2026

**तृतीय निविदा विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा कृषि उपज मण्डी समिति रीवा के मण्डी प्रांगण करहिया में कृषको को किफायती दर रूपये पांच पर प्रति थाली भोजन उपलब्ध कराने की योजना अन्तर्गत कैन्टीन संचालक तीन लिफाफा बंद पद्धति में निविदाएं दिनांक 29/06/2026 को शायं 05:30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है. निविदा प्रपत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दिनांक 23/06/2026 तक कार्यालयीन दिवस व समय पर प्राप्त की जा सकती है. प्राप्त निविदाएं 30/06/2026 को समय 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी. निविदा की दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकारी मण्डी समिति को होगा.

| क्र0 | अधोसंरचना का नाम (आर.टी.जी.एस/एफ.डी.आर) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | कैन्टीन/भोजनालय का संचालन | 100000.00 रूपये (एक लाख रूपये) | 500.00 (पांच सौ रूपये) |

कैन्टीन/भोजनालय की निविदा से संबंधित शर्ते कार्यालयीन समय पर अवलोकन किया जा सकता है.

सहायक संचालक/सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, रीवा जिला रीवा (म.प्र)